# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## ०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 21/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** **एक व्यापारी ने ₹605 में एक ओवन खरीदा। इसके अंकित मूल्य पर 45% की छूट देने के बाद भी उसे 37% का लाभ प्राप्त होता है। ओवन का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।**

**Ans**
✔ 1. ₹1,507
✘ 2. ₹1,502
✘ 3. ₹1,421
✘ 4. ₹1,537

**Q.2** **तरन अपनी कक्षा में शीर्ष से 28वें स्थान पर तथा नीचे से 64वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?**

**Ans**
✔ 1. 91
✘ 2. 92
✘ 3. 90
✘ 4. 93

**Q.3** **नीचे दिए गए आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए। [दशमलव के 2 स्थानों तक उत्तर दीजिए।]**

| वर्षों में आयु | 15-25 | 25-35 | 35-45 | 45-55 | 55-65 | 65-75 | 75-85 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मरीजों की संख्या | 14 | 32 | 39 | 38 | 10 | 36 | 22 |

**Ans**
✔ 1. 43.75
✘ 2. 36.08
✘ 3. 40.86
✘ 4. 60.47

**Q.4** **निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?**

**# : XFL :: KSY : %**

**Ans**
✘ 1. # = SAG, % = PID
✘ 2. # = TAG, % = PXD
✘ 3. # = SAG, % = PXO
✔ 4. # = SAG, % = PXD

**Q.5** 18 कुर्सियों और 4 मेजों की कीमत ₹7,100 है तथा 18 कुर्सियों और 7 मेजों की कीमत ₹7,700 है। 18 कुर्सियों और 5 मेजों की कीमत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹7,296
- ✓ 2. ₹7,300
- ✗ 3. ₹7,298
- ✗ 4. ₹7,295

**Q.6** तीन वॉटर पाइप m, n और p, एक पानी की टंकी को भरने में क्रमशः 5, 6 और 12 घंटे लेते हैं। यदि तीनों पाइप एक ही समय पर खोले जाते हैं, तो पानी की टंकी को भरने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए। (hours = घंटा)

**Ans**
- ✗ 1. $1\frac{1}{9}$ hours
- ✗ 2. $2\frac{2}{7}$ hours
- ✗ 3. $2\frac{1}{9}$ hours
- ✓ 4. $2\frac{2}{9}$ hours

**Q.7** भारत में COVID-19 महामारी से निपटने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए विशेष आर्थिक और व्यापक पैकेज का आकार (साइज) क्या था?

**Ans**
- ✓ 1. ₹20 लाख करोड़
- ✗ 2. ₹200 लाख करोड़
- ✗ 3. ₹120 लाख करोड़
- ✗ 4. ₹2 लाख करोड़

**Q.8** एक थैली में 50 पैसे, 25 पैसे और 10 पैसे वाले सिक्के 18 : 12 : 10 के अनुपात में हैं, जिनकी कीमत ₹130 है। 10 पैसे वाले सिक्कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 184
- ✗ 2. 149
- ✗ 3. 180
- ✓ 4. 100

**Q.9** 2015 संशोधन द्वारा नागरिकता अधिनियम में कौन-सा मुख्य परिवर्तन किया गया?

**Ans**
- ✗ 1. दोहरी नागरिकता को शामिल किया गया
- ✗ 2. विदेशी नागरिकता समाप्त कर दी गई
- ✓ 3. PIO और OCI कार्ड योजनाओं का विलय किया गया
- ✗ 4. पर्यटकों के लिए एक नई वीज़ा श्रेणी बनाई गई

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा देश निकोबार द्वीप समूह का निकटम देश है?

**Ans**
- ✗ 1. मलेशिया
- ✗ 2. चीन
- ✗ 3. श्रीलंका
- ✓ 4. म्यांमार

**Q.11** एक लंबवृत्तीय शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 2684π $cm^2$ है, तथा इसके आधार का व्यास 44 cm है। शंकु की ऊंचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 124 ✗
2. 121 ✗
3. 123 ✗
4. 120 ✓

**Q.12** मार्च 2025 में आए भूकंप के बाद म्यांमार को सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किए गए भारत के मानवीय मिशन का नाम क्या था?

**Ans**
1. ऑपरेशन दोस्त ✗
2. ऑपरेशन मैत्री ✗
3. ऑपरेशन ब्रह्मा ✓
4. ऑपरेशन राहत ✗

**Q.13** एक टेबल लैंप को ₹214 में बेचने पर अर्जित प्रतिशत लाभ उसी टेबल लैंप को ₹146 में बेचने पर होने वाली प्रतिशत हानि के बराबर है। 55% लाभ अर्जित करने के लिए टेबल लैंप को किस मूल्य (₹ में) पर बेचा जाना चाहिए?

**Ans**
1. 282 ✗
2. 279 ✓
3. 278 ✗
4. 276 ✗

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, पश्चिमी घाट से निकलती है?

**Ans**
1. कृष्णा ✓
2. यमुना ✗
3. ब्रह्मपुत्र ✗
4. गंगा ✗

**Q.15** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर SUZD किसी निश्चित तरीके से ZBGK से संबंधित है। UWBF उसी तरीके से BDIM से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PRWA निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

**Ans**
1. WDHY ✗
2. WYHD ✗
3. WDUH ✗
4. WYDH ✓

**Q.16** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। T की परीक्षा गुरुवार को होती है। U की परीक्षा T से ठीक पहले होती है और P की परीक्षा T के ठीक बाद में होती है। Q और V के बीच केवल 3 लोगों की परीक्षा होती है। R की परीक्षा V के ठीक बाद होती है। Q से पहले कितने लोगों की परीक्षा होती है?

**Ans**
1. 3 ✗
2. 2 ✗
3. 4 ✗
4. 1 ✓

**Q.17** यदि 48, 96, 20 और y समानुपात में हैं, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 40 ✓
2. 37 ✗
3. 38 ✗
4. 34 ✗

**Q.18** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 411 559 916 247 769 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक में से सबसे छोटी संख्या के पहले अंक को घटाया जाए, तो परिणाम क्या प्राप्त होगा?

Ans
✗ 1. 11
✗ 2. 9
✗ 3. 5
✓ 4. 7

**Q.19** भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य तीन देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है?

Ans
✓ 1. पश्चिम बंगाल
✗ 2. हिमाचल प्रदेश
✗ 3. बिहार
✗ 4. उत्तराखंड

**Q.20** थिएटर लेवल ऑपरेशनल रेडीनेस एक्सरसाइज (TROPEX-25) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. TROPEX-25 एक वार्षिक अभ्यास है जिसमें कई भारतीय सेनाएं शामिल होती हैं।
2. यह अभ्यास तीन महीने की अवधि के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है।
3. इस अभ्यास में भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल भागीदार होंगे।
4. यह अभ्यास पूर्णतः साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध संचालन पर केंद्रित है।

Ans
✗ 1. केवल 1 और 2
✗ 2. केवल 2, 3 और 4
✓ 3. केवल 2 और 3
✗ 4. केवल 1, 3 और 4

**Q.21** मार्च 2025 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के जामनगर में 'वंतारा' का उद्घाटन किया। इस सुविधा का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✗ 1. पर्यटन के लिए एक वाणिज्यिक चिड़ियाघर के रूप में कार्य करना
✗ 2. कृषि विकास के लिए एक अनुसंधान संस्थान के रूप में कार्य करना
✗ 3. एक लक्जरी वन्यजीव सफारी रिसॉर्ट के रूप में सेवा करना
✓ 4. उन्नत पशु बचाव, संरक्षण और पुनर्वास केंद्र के रूप में कार्य करना

**Q.22** इंडियन ओपन 2025 प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (PSA) कॉपर इवेंट में महिला एकल का खिताब किसने जीता?

Ans
✗ 1. जोशना चिनप्पा
✓ 2. अनाहत सिंह
✗ 3. दीपिका पल्लीकल
✗ 4. राचेल ग्रिनहम

**Q.23** ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें AB || DC है, तथा E और F क्रमशः विकर्ण AC और BD के मध्य बिंदु हैं। यदि AB = 30 cm, BC = 20 cm, DC = 86 cm और AD = 84 cm है, तो EF की लंबाई (cm में) कितनी है?

Ans
✗ 1. 23
✗ 2. 31
✓ 3. 28
✗ 4. 24

Q.24 A, B, L, M, S, T और Z एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। M के दाएं से गिनने पर M और T के बीच केवल चार लोग बैठे हैं। M, L के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। S, Z के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। T और L दोनों का निकटतम पड़ोसी B है। A के दाएं से गिनने पर A और B के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
✔ 1. 2
✘ 2. 3
✘ 3. 1
✘ 4. 4

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 7 से विभाज्य है?

Ans
✘ 1. 1454
✘ 2. 3366
✔ 3. 2436
✘ 4. 3344

Q.26 घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण: 2023-24 के अनुसार, ग्रामीण भारत में अनुमानित मासिक प्रति व्यक्ति घरेलू उपभोग व्यय कितना है?

Ans
✘ 1. ₹3,125
✘ 2. ₹6,996
✘ 3. ₹5,000
✔ 4. ₹4,122

Q.27 निरूपक तत्वों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✔ 1. इनमें s- और p-ब्लॉक दोनों तत्व शामिल हैं।
✘ 2. इनमें केवल धातुएँ होती हैं।
✘ 3. इनमें केवल p-ब्लॉक तत्व शामिल हैं।
✘ 4. इन्हें ट्रांसयूरेनियम तत्व भी कहा जाता है।

Q.28 श्री O बिंदु U से शुरू करते हैं और पश्चिम की ओर 1 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 2 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 3 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 4 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 4 km ड्राइव करते हैं। वह अंत में बाएं मुड़ते हैं, 4 km ड्राइव करते हैं और बिंदु V पर रुकते हैं। बिंदु U पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (निकटतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 2 km पश्चिम की ओर
✘ 2. 4 km पूर्व की ओर
✘ 3. 4 km दक्षिण की ओर
✔ 4. 2 km उत्तर की ओर

Q.29 मई 2025 में मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में कौन-सा शिखर सम्मेलन आयोजित होने वाला है?

Ans
✘ 1. वर्ल्ड ग्लोबल बिजनेस फोरम
✘ 2. वर्ल्ड मीडिया इंडिया एक्सपो
✔ 3. वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट
✘ 4. वर्ल्ड टेक इंडिया समिट

Q.30 मिश्रित अर्थव्यवस्था की अवधारणा भारत की प्रारंभिक योजना रणनीतियों का केंद्र थी। भारत की पंचवर्षीय योजनाओं के संदर्भ में, 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' शब्द का क्या अर्थ है?

Ans
✘ 1. समाजवाद और साम्यवाद का मिश्रण
✔ 2. सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों का सह-अस्तित्व
✘ 3. कृषि और उद्योग का सह-अस्तित्व
✘ 4. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का संतुलित विकास

**Q.31** यदि संख्या 4123957 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर क्या होगा?

Ans
✔ 1. 8
✘ 2. 2
✘ 3. 4
✘ 4. 6

**Q.32** विभाजन विधि द्वारा दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) ज्ञात करने पर, भागफल क्रमशः 1, 5 और 8 प्राप्त होते हैं तथा अंतिम भाजक 57 है। दोनों संख्याओं का ल.स.प. (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 114511
✘ 2. 114509
✘ 3. 114517
✔ 4. 114513

**Q.33** शीर्ष सहकारी समिति की लेखापरीक्षा रिपोर्ट कहां प्रस्तुत की जानी आवश्यक है?

Ans
✘ 1. उच्च न्यायालय
✘ 2. राज्य सचिवालय
✔ 3. राज्य विधानमंडल
✘ 4. जिला कार्यालय

**Q.34** निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

75, 69, 45, 17, 22, 57, 79, 28, 18, 91, 32

Ans
✘ 1. 44.5
✘ 2. 46
✔ 3. 45
✘ 4. 45.5

**Q.35** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर MJGT एक निश्चित तर्क के अनुसार QNKX से संबंधित है। CZWJ उसी तर्क के अनुसार GDAN से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए OLIV दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
✘ 1. SMZP
✘ 2. SPZM
✘ 3. SMPZ
✔ 4. SPMZ

**Q.36** 28 फरवरी को मनाए गए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 की थीम निम्नलिखित में से क्या थी?

Ans
✘ 1. भारत में नवाचार और सहयोगात्मक विकास के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करना
✘ 2. वैज्ञानिक सोच और आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से विकसित राष्ट्र का निर्माण करना
✘ 3. भारत में युवा-संचालित अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना
✔ 4. विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना

**Q.37** 30 km/hr की चाल से गतिमान एक रेलगाड़ी P, समानांतर पटरी पर समान दिशा में 21 km/hr की चाल से गतिमान 296 m लंबी एक अन्य रेलगाड़ी Q को 6.5 m में पूरी तरह से पार कर लेती है। विपरीत दिशा में 96 km/hr की चाल से गतिमान 196 m लंबी रेलगाड़ी R को पूरी तरह से पार करने में रेलगाड़ी P को कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
✔ 1. 25
✘ 2. 42
✘ 3. 22
✘ 4. 21

Q.38 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना है, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/प्रतीक | 4 | # | $ | 7 | 9 | 2 | 6 | @ | 3 | & | 5 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | B | W | Q | C | A | T | J | N | P | D | G |

शर्तें:
(i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को आपस में बदल दिया जाना है।
(ii) यदि पहला अवयव 2 से विभाज्य है और अंतिम अवयव 3 से विभाज्य है, तो पहले और अंतिम अवयवों को * के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
(iii) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो उनके कूट (अर्थात पहले और अंतिम अवयव) को 3 के कूट में बदला जाना है।

56#4+ के लिए कूट की पहचान कीजिए।

Ans
1. EJWBG ✔
2. EJGBE ✘
3. GJWBG ✘
4. GJWBE ✘

Q.39 पचास संख्याओं का औसत 34 है। यदि दो संख्याएं अर्थात 34 और 22 हटा दी जाएं तो शेष संख्याओं का औसत ज्ञात करें।

Ans
1. 35.25 ✘
2. 34.25 ✔
3. 32.25 ✘
4. 31.25 ✘

Q.40 नीति आयोग की 2021 की 'फास्ट ट्रैकिंग फ्रेट इन इंडिया' रिपोर्ट के अनुसार, माल यातायात में सड़क परिवहन की हिस्सेदारी कितनी थी?

Ans
1. 62% ✘
2. 71% ✔
3. 50% ✘
4. 40% ✘

Q.41 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

356, 333, 300, ?, 204, 141

Ans
1. 247 ✘
2. 227 ✘
3. 257 ✔
4. 237 ✘

Q.42 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 917 782 549 557 539 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
1. 11 ✘
2. 12 ✔
3. 15 ✘
4. 13

Q.43 जठरांत्र पथ में मुख्यतः किस प्रकार के पेशी तंतु पाए जाते हैं, और उनके संकुचन की मुख्य विशेषता क्या है?

Ans
❌ 1. कंकाली पेशी फाइबर; तीव्र और स्वैच्छिक संकुचन
❌ 2. रेखित पेशी तंतु; आंतरायिक और बलात्संकुचन
❌ 3. हृद् पेशी तंतु; लयबद्ध और अनैच्छिक संकुचन
✔ 4. चिकनी पेशी तंतु; मंद और अविरत अनैच्छिक संकुचन

Q.44 $\Delta ABC$ में, $DE \,||\, AC$ है, जहाँ D और E क्रमशः भुजाओं AB और BC पर स्थित बिंदु हैं। यदि BD = 17 cm और AD = 14 cm है, तो $\Delta BDE$ के क्षेत्रफल और समलम्ब चतुर्भुज ADEC के क्षेत्रफल का अनुपात क्या है?

Ans
❌ 1. 523 : 367
✔ 2. 289 : 672
❌ 3. 672 : 289
❌ 4. 475 : 326

Q.45 भारतीय संसद में भारत के राष्ट्रपति के उद्घाटन भाषण की तैयारी का दायित्व किसका होता है?

Ans
❌ 1. विपक्ष का नेता
✔ 2. मंत्रिपरिषद
❌ 3. राष्ट्रपति स्वयं
❌ 4. लोकसभा स्पीकर

Q.46 संख्या 31879452 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से तीसरा होगा?

Ans
✔ 1. 3
❌ 2. 7
❌ 3. 2
❌ 4. 4

Q.47 यदि a + b = 41, और a − b = 38 है, तो $(a + b)^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 1681
❌ 2. 1763
❌ 3. 1733
❌ 4. 1759

Q.48 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. ML - KJ
❌ 2. EI - HL
❌ 3. GK - JN
❌ 4. LP - OS

Q.49 अनुच्छेद 233-237 के अंतर्गत उल्लिखित 'न्यायिक सेवा' पद __________ को संदर्भित करता है।

Ans
✔ 1. जिला न्यायाधीशों और उनके नीचे के सिविल न्यायिक पदों
❌ 2. कार्यकारी मजिस्ट्रेटों सहित सभी मजिस्ट्रेटों
❌ 3. केवल सत्र न्यायाधीशों और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशों
❌ 4. केवल जिला न्यायाधीशों

Q.50 'पूर्वांग' और 'उत्तरांग', कर्नाटक संगीत के किस घटक के दो अनुभाग हैं?

Ans
1. वरणम् (Varnam) ✔
2. रागमालिका (Ragamalika) ✘
3. अनु पल्लवी (Anu Pallavi) ✘
4. चरणम् (Charanam) ✘

Q.51 पावरपॉइंट में निम्नलिखित में से कौन-सा ऑप्शन, सभी स्लाइडों को एक साथ थंबनेल के रूप में देखने की सुविधा देता है?

Ans
1. Reading View ✘
2. Slide Sorter View ✔
3. Slide Show View ✘
4. Outline View ✘

Q.52 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
JCH34 KDI43 LEJ52 MFK61 ?

Ans
1. NGK71 ✘
2. NGL70 ✔
3. NGL71 ✘
4. NGK70 ✘

Q.53 1913 में सैन फ्रांसिस्को में स्थापित ग़दर पार्टी का उद्देश्य, क्रांतिकारी तरीकों से भारत में ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना था। ग़दर पार्टी के प्रमुख संस्थापक और वैचारिक नेता कौन थे?

Ans
1. वी.डी. सावरकर ✘
2. लाला लाजपत राय ✘
3. सचिंद्र नाथ सान्याल ✘
4. लाला हर दयाल ✔

Q.54 गोविंद ने 4% वार्षिक ब्याज दर पर बैंक में कुछ धनराशि निवेश की। यदि 2 वर्ष बाद गोविंद को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹280.5 प्राप्त होते हैं, तो संगत साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
1. 275 ✔
2. 290 ✘
3. 270 ✘
4. 285 ✘

Q.55 थार रेगिस्तान को निम्नलिखित में से किस श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है?

Ans
1. टुंड्रा रेगिस्तान ✘
2. ध्रुवीय रेगिस्तान ✘
3. भूमध्यसागरीय रेगिस्तान ✘
4. उपोष्णकटिबंधीय रेगिस्तान ✔

Q.56 किस वार्षिक दर (प्रतिशत में) से ₹1,300 की राशि पर 10 वर्ष में साधारण ब्याज के रूप में ₹650 प्राप्त होंगे?

Ans
1. 7% ✘
2. 5% ✔
3. 4% ✘
4. 8% ✘

Q.57 एमएस वर्ड (MS Word) में किसी डॉक्यूमेंट के मार्जिन को किस प्रकार बदल सकते हैं?

Ans
1. Layout tab -> Margins ✔
2. Design tab -> Margins ✘
3. Review tab -> Margins ✘
4. Insert tab -> Margins ✘

Q.58 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और Y, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। F के ऊपर केवल D को रखा गया है। D और A के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। E के नीचे केवल B को रखा गया है। Y को A के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। C और B के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. दो ✔
2. चार ✘
3. एक ✘
4. तीन ✘

Q.59 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BACK' को '5314' और 'CARB' को '1524' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 2 ✔
2. 5 ✘
3. 1 ✘
4. 4 ✘

Q.60 86 × 104 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 8954 ✘
2. 8944 ✔
3. 8934 ✘
4. 9044 ✘

Q.61 सात मित्र, A, B, C, D, E, F और O, उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। F के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F और A के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D, C के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। E, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो ✘
2. चार ✘
3. एक ✔
4. तीन ✘

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
GUR QEB AOL KYV ?

Ans
1. FIU ✘
2. UIF ✔
3. FUI ✘
4. UFI ✘

Q.63 किसी हॉस्पिटल की वर्तमान लागत ₹1,82,590 है। एक वर्ष बाद, इसकी लागत बढ़कर ₹1,95,382 हो गई। हॉस्पिटल की लागत प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 7% ✔
2. 16% ✘
3. 5% ✘
4. 3% ✘

Q.64 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CARD' को '4681' और 'DOGS' को '3219' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 4
2. 3
3. 1 ✔
4. 2

Q.65 दो द्विघात समीकरण, $x^2 - 5x + 6 = 0$ और $2x^2 - kx + 6 = 0$, का एक मूल सार्व है। k का संभावित मान क्या है?

Ans
1. 9
2. 7 ✔
3. 11
4. 5

Q.66 162 km की दूरी तय करने में अभय को समीर से 6 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अभय अपनी चाल दोगुनी कर देता है, तो उसे समीर से 3 घंटे कम लगेंगे। अभय की प्रारंभिक चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 18 km/hr
2. 9 km/hr ✔
3. 4 km/hr
4. 8 km/hr

Q.67 श्री आईजेके बिंदु A से शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 23 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, 3 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 27 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 7 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार दाएं मुड़ते हैं, 4 km ड्राइव करते हैं और बिंदु पी पर रुकते हैं। बिंदु A तक फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो)

Ans
1. पूर्व की ओर 2 km
2. पश्चिम की ओर 4 km ✔
3. उत्तर की ओर 1 km
4. दक्षिण की ओर 3 km

Q.68 कंप्यूटर हार्डवेयर कंपोनेंट्स के संदर्भ में, ROM का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
1. यह सभी इंटरनल हार्डवेयर मॉड्यूल को फिजिकली (physically) सपोर्ट करता है।
2. यह सिस्टम प्रोसेसिंग के दौरान उपयोग किए जाने वाले टेंपरेरी डेटा को स्टोर करता है।
3. यह प्रोग्राम एग्जीक्यूट (execute) करता है और अंकगणितीय ऑपरेशन को हैंडल करता है।
4. इसमें सिस्टम को बूट करने के लिए आवश्यक फर्मवेयर मौजूद होता है। ✔

Q.69 $\frac{(3+3\tan^2A)\cot A}{(1+\cot^2A)\sec A}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3sinA ✔
2. tanA
3. 3tanA
4. sinA

Q.70 किस रियासत पर निज़ाम का व्यक्तिगत शासन था और उसके पास 'सरफ खास (Sarf Khas)' संपत्ति थी?

Ans
1. हैदराबाद ✔
2. कश्मीर
3. मैसूर
4. ग्वालियर

Q.71 एक शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 2970 $cm^2$ है, तथा इसका व्यास 70 cm है। इसका सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना है?

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans
1. 6825 ✗
2. 6827 ✗
3. 6813 ✗
4. 6820 ✓

Q.72 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GK – JQ ✓
2. MQ – OW ✗
3. EI – GO ✗
4. RV – TB ✗

Q.73 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?

**# : PZL :: AKW : %**

Ans
1. # = HRD, % = LSE ✗
2. # = HRD, % = ISO ✗
3. # = URD, % = ISE ✗
4. # = HRD, % = ISE ✓

Q.74 खगोलीय प्रेक्षण स्थल, जंतर-मंतर, जोकि एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भी है, निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

Ans
1. बिहार ✗
2. गुजरात ✗
3. मध्य प्रदेश ✗
4. राजस्थान ✓

Q.75 अमित का वेतन ₹13,000 प्रति माह है। वह ₹4,000 घर के किराए पर, ₹2,000 बिलों पर खर्च करता और शेष की मासिक बचत करता है। यदि उसने अपने जन्मदिन वाले महीने में जन्मदिन मनाने के लिए अपनी पूरी मासिक बचत खर्च कर दी, एक वर्ष में उसकी कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 77,000 ✓
2. 63,000 ✗
3. 84,000 ✗
4. 70,000 ✗

Q.76 मौर्य काल में शिलालेखों के लिए किस लिपि का विकास देखा गया?

Ans
1. खरोष्ठी ✗
2. ग्रंथ ✗
3. ब्राह्मी ✓
4. पाली ✗

Q.77 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E ÷ F x G + H – K' है, तो E का K से क्या संबंध है?

Ans
1. बहन के पुत्र की पत्नी का पिता ✔
2. भाई के पुत्र की पत्नी का भाई ✘
3. बहन के पुत्र की पत्नी का भाई ✘
4. भाई के पुत्र की पत्नी का पिता ✘

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा ऑपरेटिंग सिस्टम, सिस्टम रिसोर्सेज (system resources) पर यूजर का उच्चतम स्तर का नियंत्रण प्रदान करता है तथा डेस्कटॉप और लैपटॉप पर प्रोफेशनल सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए सबसे अधिक उपयोग किया जाता है?

Ans
1. विंडोज 11 (Windows 11) ✘
2. क्रोम ओएस (chromeOS) ✘
3. लिनक्स (उबंटू या फेडोरा) [Linux (Ubuntu or Fedora)] ✔
4. मैक ओएस (macOS) ✘

Q.79 भारत में गवर्नर जनरल का पदनाम कब वायसराय या क्राउन के प्रतिनिधि के रूप में पदोन्नत किया गया था?

Ans
1. वर्ष 1919 ✘
2. वर्ष 1858 ✔
3. वर्ष 1935 ✘
4. वर्ष 1833 ✘

Q.80 सिंधु घाटी सभ्यता लगभग ________ में फली-फूली।

Ans
1. 900–200 ईसा पूर्व ✘
2. 2500-1800 ईसा पूर्व ✔
3. 5000–4000 ईसा पूर्व ✘
4. 1000–500 ईसा पूर्व ✘

Q.81 उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
(57, 41, 32)
(65, 49, 40)

Ans
1. (89, 83, 74) ✘
2. (96, 80, 61) ✘
3. (72, 56, 47) ✔
4. (51, 35, 16) ✘

Q.82 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 1 5 & 3 * $ 4 @ % 2 7 # 9 ^ # ⋟ 6 8 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, दाएं से चौथे स्थान पर होगा?

Ans
1. 7 ✔
2. 2 ✘
3. 4
4. 9

Q.83 A और B किसी काम को 20 दिन में पूरा करते हैं। यदि A अकेले उस काम को 45 दिन में पूरा कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का एक-तिहाई भाग कितने दिन में पूरा कर सकता है?

Ans
1. 36
2. 48
3. 24
4. 12 ✔

Q.84 यदि $5x + 4y = 12$ और $xy = 2$ है, तो $125x^3 + 64y^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 286
2. 268
3. 258
4. 288 ✔

Q.85 A, B को एक प्रिंटर 60% की हानि पर बेचता है और B, C को वह प्रिंटर 25% के लाभ पर बेचता है। यदि C ने प्रिंटर ₹89,569 में खरीदा, तो A के लिए प्रिंटर की कीमत (₹ में) कितनी थी?

Ans
1. 1,79,140
2. 1,79,141
3. 1,79,138 ✔
4. 1,79,134

Q.86 निम्नलिखित में से कौन-सी विधि किसी मौजूदा MS पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन को ओपन करने का सबसे तेज़ तरीका है?

Ans
1. MS पावरपॉइंट ओपन करें और ब्लैंक प्रेजेंटेशन पर क्लिक करें
2. फ़ाइल एक्सप्लोरर में .pptx फ़ाइल पर डबल-क्लिक करें ✔
3. Alt + F4 शॉर्टकट का उपयोग करें
4. Ctrl + O दबाएँ

Q.87 एक्सपो 2025 ओसाका (Expo 2025 Osaka) आधिकारिक तौर पर कब खुला?

Ans
1. 1 मार्च 2025
2. 10 जून 2025
3. 15 मई 2025
4. 13 अप्रैल 2025 ✔

Q.88 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

89 D 7 B 5 C (78 A 6) C 22 = ?

Ans
1. 97
2. 74
3. 105
4. 89 ✔

Q.89 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

982 980 988 986 994 992 ?

Ans
1. 996
2. 998
3. 1002
4. 1000 ✔

Q.90 भारत में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के संबंध में कथनों पर विचार कीजिए।

1. केंद्र सरकार ने 2025 में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (NTTM) नामक एक मिशन शुरू किया है।
2. तकनीकी वस्त्र फैशन (looks) के बजाय विशिष्ट कार्यों और कार्य-प्रदर्शन के लिए बनाए वस्त्र हैं।
3. इनका उपयोग ऐसे उत्पादों में किया जाता है जो लोगों की सुरक्षा करने, मशीनरी को बेहतर बनाने और व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करने में सहायता करते हैं, जैसे कार के पार्ट, निर्माण सामग्री, चिकित्सा उपकरण और सुरक्षा गियर।

दिए गए कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

Ans
✔ 1. केवल 2 और 3
✗ 2. केवल 1 और 2
✗ 3. केवल 2
✗ 4. 1, 2 और 3

Q.91 नवंबर 2024 में, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में किसे इंडियन फिल्म पर्सनालिटी ऑफ द ईयर नामित किया गया?

Ans
✗ 1. आयुष्मान खुराना
✔ 2. विक्रांत मैसी
✗ 3. नवाजुद्दीन सिद्दीकी
✗ 4. मनोज बाजपेयी

Q.92 सुधार संगठनों और उनके संस्थापकों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?

Ans
✗ 1. ब्रह्म समाज - दयानंद सरस्वती
✔ 2. सत्य शोधक समाज - ज्योतिबा फुले
✗ 3. बहुजन समाज - बी.आर. अंबेडकर
✗ 4. आर्य समाज - राजा राम मोहन राय

Q.93 'ग्रूमिंग यंग टैलेंट्स' की थीम पर केंद्रित दो दिवसीय कॉर्पोरेट-अकादमिक कार्यक्रम, लीडरशिप समिट 2024 कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
✗ 1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की
✔ 2. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी
✗ 3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
✗ 4. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई

Q.94 निम्नलिखित समीकरण में दोनों प्रश्न-चिह्नों को किस धनात्मक संख्या द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

$$\frac{?}{11} = \frac{275}{?}$$

Ans
✗ 1. 54
✗ 2. 46
✔ 3. 55
✗ 4. 49

**Q.95** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी छत, लॉन हैं।
सभी लॉन, ग्राउंड हैं।
कोई ग्राउंड, मैदान नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई छत, मैदान नहीं है।
(II) कुछ ग्राउंड, छत हैं।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Q.96** फरवरी 2025 में, भारत के किस बैंक ने $10 बिलियन की तीन वर्षीय डॉलर/रुपया स्वैप नीलामी की घोषणा की है?

Ans
✗ 1. बैंक ऑफ बड़ौदा
✗ 2. भारतीय स्टेट बैंक
✗ 3. बैंक ऑफ इंडिया
✓ 4. भारतीय रिजर्व बैंक

**Q.97** यदि संख्या 72384596 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✗ 1. चार
✓ 2. तीन
✗ 3. दो
✗ 4. एक

**Q.98** 10 प्रेक्षणों का औसत 40 है। बाद में पता चला कि एक प्रेक्षण को 50 के स्थान पर गलती से 31 पढ़ लिया गया था। सही औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 40.9
✗ 2. 42.9
✓ 3. 41.9
✗ 4. 44.9

**Q.99** आवर्त सारणी में क्षैतिज पंक्ति क्या निरूपित करती है?

Ans
✗ 1. वर्ग
✓ 2. आवर्त
✗ 3. स्तम्भ
✗ 4. ब्लॉक

**Q.100** कौन-सा देश, आर्थिक विकास, कल्याण और संधारणीयता को बढ़ावा देने के लिए 'गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी' विकसित कर रहा है?

Ans
✗ 1. श्रीलंका
✗ 2. कंबोडिया
✗ 3. नेपाल
✓ 4. भूटान